an>

Title: Need to curb pilferage of coal from the coal mines of central Coalfields Limited, Bharat Coking Coal Limited and Eastern Coalfields Limited in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय **(गिरिडीह) :** झारखण्ड में कोल इंडिया लिमिटेड के विभिन्न कोयला खदानों विशेषकर सीसीएल/बीसीसीएल और ईसीएल में साइकिल और अन्य साधनों से व्यापक पैमाने पर कोयले की चोरी हो रही है। इस कार्य से सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस कार्य में राज्य के गरीब और निरक्षर लोगों के द्वारा कोयले की चोरी कराई जाती है जो अपनी जान जोखिम में डालकर और कड़ी मेहनत के पश्चात् कोयला खदानों से मण्डी तक सड़क मार्ग से कोयला का परिवहन करते हैं परंतु इसका लाभ अमीर और माफिया लोगों को मिलता है। झारखण्ड में लोकप्रिय सरकार के गठन के पश्चात् इस चोरी को रोकने के लिए सार्थक पहल की गई परंतु अब तक इस संबंध में प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। कोयला चोरी के माध्यम से ऐसे मजदूरों को बंधुआ मजदूर बनाकर उनका कैरियर समाप्त किया जा रहा है।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि झारखण्ड में कोयला चोरी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाया जाए और इस कार्य में संलिप्त व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए रोजगार का अवसर प्रदान किया जाए।